प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.03.2025/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए वित्त वर्ष 2025–26 के बजट के बाद तीन वेबिनार में भाग लेंगे। ये वेबिनार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों–एमएसएमई को विकास, विनिर्माण और निर्यात के क्षेत्र में प्रमुखता देने के साथ–साथ परमाणु ऊर्जा मिशन, नियामक, निवेश और व्यापार को आसान बनाने के लिए सुधारों के इंजन के रूप में आयोजित किए जा रहे हैं। ये वेबिनार सरकारी अधिकारियों, अग्रणी उद्यमियों और व्यापार विशेषज्ञों को भारत की औद्योगिक, व्यापार और ऊर्जा रणनीतियों पर विचार–विमर्श करने के लिए एक सहयोगी मंच प्रदान करेगा। वेबिनार नीति कार्यान्वयन, निवेश सुविधा और प्रौद्योगिकी अपनाने पर केंद्रित होगी, जिससे बजट के परिवर्तनकारी उपायों का निर्बाध कार्यान्वयन सुनिश्चित होगा।

सुरेश कश्यप

सांसद सुरेश कश्यप ने अधिकारियों को विकास कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने और इन्हें समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए हैं, ताकि केंद्र से प्राप्त धनराशि का सही तरीके से उपयोग हो सके। कले शिमला में जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश के विकास के लिए अनेक योजनाएं लागू की जा रही हैं और आम लोगों को इन योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। बाद में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में सुरेश कश्यप ने कहा कि केंद्र सरकार प्रदेश की भरपूर आर्थिक मदद कर रही है। उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यदि केंद्र राज्य की आर्थिक मदद न करे तो प्रदेश सरकार कर्मचारियों की सैलरी व पैंशन देने में भी सक्षम नहीं है।

जगत सिंह नेगी

इधर दूसरी ओर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने केंद्र सरकार से मिलने वाली सहायता से वेतन देने के बयान पर भाजपा सांसद पर लोगों को गुमराह करने के आरोप लगाया। शिमला में जगत नेगी ने कहा कि बीते साल आई आपदा में अभी तक केंद्र से कोई भी पैसा नहीं मिला है और जीएसटी का कंपनसेशन खत्म कर दिया गया है। उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि रेवेन्यू डिफिशिएंसी ग्रांट भी कम की गयी है जिससे प्रदेश में आर्थिक संकट पैदा हुआ है।

बोर्ड परीक्षाएं

प्रदेश में आज से स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमेन मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि इस बार बोर्ड की परीक्षाओं में एक लाख 95 हजार के करीब विद्यार्थी परीक्षा में भाग लेंगे, जिसके लिए प्रदेशभर में 2 हजार 3 सौ परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। ये परीक्षा केंद्र सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहेंगे। उन्होंने कहा कि मौसम

की बेरूखी के चलते चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी और लाहौल स्पीति में 8 मार्च तक होने वाली तीन परीक्षाओं को फिलहाल स्थगित कर दिया है।

निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग आज से नई दिल्ली स्थित भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र व चुनाव प्रबंधन संस्थान में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों के साथ दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित करेगा। ज्ञानेश कुमार के मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यभार संभालने के बाद ऐसा पहला सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के चुनाव अधिकारियों को विचार–मंथन और परस्पर अनुभवों से सीखने का अवसर मिलेगा। सम्मेलन के दौरान सूचना प्रौद्योगिकी संरचना, प्रभावी संचार, सोशल मीडिया के प्रभाव को बढ़ाना और चुनावी प्रक्रियाओं में विभिन्न पदाधिकारियों की वैधानिक भूमिका सहित आधुनिक चुनाव प्रबंधन के प्रमुख क्षेत्रों जैसे अनेक विषयों पर चर्चा होगी।

मौसम

प्रदेश के जनजातीय जिले लाहौल स्पीति व किन्नौर सहित चंबा, कुल्लू व शिमला जिला के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आज भी हल्का हिमपात जबकि निचले क्षेत्रों में वर्षा का सिलसिला रूक–रूक कर जारी है। हालांकि बीते दिनों हुए हिमपात और भूस्खलन के चलते कई स्थानों पर अभी भी बिजली, पानी व सड़क सुविधा पूर्ण रूप से सुचारू नहीं हो पाई है। इस बर्फबारी के बाद जहां जनजातीय जिलों में शीतलहर बढ़ गई है वहीं व्यवस्थाओं को भी पटरी पर लाने के प्रयास जारी हैं।